## एक नजर में

### रोजगार मेले का आयोजन कल

**बालाघाट।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालाघाट द्वारा संयुक्त रूप से 19 नवबंर 2025 को युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार व अप्रेंटेशसिप मेले का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के खेल मैदान में स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने बताया कि इस रोजगार मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं समग्र आईडी आदि लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले का आयोजन प्रात: 11 बजे से किया जायेगा।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त का वितरण कल

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को देश के किसानों के बैंक खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 21 वी किश्त का वितरण करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी तमिलनाडु राज्य के कोयंबटूर में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम के अवसर पर देश के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वी किश्त का अंतरण सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला स्तर पर कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाहॉल में आयोजित किया गया हैं। अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने आयोजित कार्यक्रम के संचालन के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे है। निर्धारित तिथि में नियुक्त किये गए अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए हेल्प डेस्क बनायी गई

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाताओं की सहायता के लिए विधानसभा स्तर पर हेल्प डेस्क नंबर्स जारी किये गए है। मतदाता हेल्प डेस्क के अधिकारियों के मोबाईल नंबर पर सम्पर्क कर एसआईआर के संबंध में अपनी समस्याओं का निराकरण कर सकते है। इस हेल्प डेस्क में जिले के मतदाताओं द्वारा प्रात: 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक सम्पर्क कर अपनी समस्या का निराकरण किया जा सकता है। विधानसभा क्षेत्र बैहर के हेल्प डेस्क का नंबर 07636-256726 है और इसमें श्री समनदयाल पनरिया, सुनिल बिसने, अजय गुप्ता, सौरभ लोधी, शंशांक पटले, नसीम खान की ड्यूटी लगायी गई है। विधानसभा क्षेत्र लांजी के हेल्ड डेस्क में श्याम करण पटले 9713805331, चुमेश मोहारे, संजय कुमार एड़े 8839250253, चंद्रकुमार वैद्य, आनंद लटारे 7828783364, नरेंद्र लिल्हारे, दीपक मेश्रामइस हेल्प डेस्क में अधिकारियों की दो पालियों में ड्यूटी लगायी गई है।

---

**सम्मानित** — विधायक मधु भगत ने 'उड़ान से शिखर तक' कार्यक्रम में बढ़ाया हौसला

# मेधावी विद्यार्थी सम्मानित, अधिकारियों ने किया प्रोत्साहित

**नवभारत, बालाघाट।** नक्सल प्रभावित परसवाड़ा क्षेत्र, जो कभी नक्सलवाद की दहशत से जूझता था, आज शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। क्षेत्रीय विधायक मधु भगत लगातार बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और आर्थिक तौर पर सहायता देने के लिए जाने जाते हैं। इसी प्रयास के तहत परसवाड़ा मुख्यालय स्थित सांदीपनी विद्यालय में उड़ान से शिखर तक मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं के 82 और कक्षा 12वीं के 12 विद्यार्थियों को विधायक मधु भगत ने पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा



कि क्षेत्र में कई बच्चे तनाव में पढ़ाई करते हैं और सकारात्मक सोच की कमी दिखाई देती है, इसलिए इस तरह के प्रेरक कार्यक्रम की आवश्यकता महसूस हुई। मंच पर मौजूद अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, कड़ी मेहनत, और आत्मविश्वास की महत्ता समझाई। मनोवैज्ञानिक चिकित्सक डॉ. कीर्ति सिंह ने तनाव प्रबंधन और सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के टिप्स दिए। वहीं पीएस एकेडमी इंदौर के संस्थापक प्रदीप श्रीवास्तव ने सफलता के लिए निरंतर अभ्यास और मजबूत इच्छाशक्ति पर जोर दिया। विधायक मधु भगत ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना ही उद्देश्य था। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन बच्चों में नई ऊर्जा भर देगा और वे अपने लक्ष्यों की ओर अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ेंगे।

# मेमू ट्रेनों के डेडिकेटेड रैक से परिचालन की मांग

**रैक शेयरिंग पद्धति का प्रयोग कर ट्रेन का किया जा रहा परिचालन**

**कटंगी नवभारत 17 नवंबर।** वर्तमान में दक्षिण पूर्वी मध्य रेल नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी रेल खंड में मेमू ट्रेन के परिचालन में रैक शेयरिंग पद्धति का प्रयोग कर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

इस पद्धति का प्रयोग सीमित रोलिंग स्टॉक होने के स्थिति में, किंतु उपयोग में ज़्यादा मांग होने से रैक का ज़्यादा से ज़्यादा प्रयोग हो इसलिए किया जाता है। यह पद्धति रेल्वे के तकनीकी दृष्टिकोण से बहुत ही कारगर है, किंतु रैक शेयरिंग पद्धति का सबसे बड़ा नुकसान, किसी भी एक ट्रेन नम्बर का लेट होना है। अगर किसी भी



ट्रेन का एक भी नम्बर लेट हो जाता है तो उस रैक से अन्य पेयरिंग ट्रेन नम्बर अपने आप लेट हो जाती है।

### बल्लारशाह-गोंदिया मेमू ट्रेन रोजाना होती हैं लेट

रेल्वे अप डाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोशिएसन के जिला अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि वर्तमान में गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी रेल खंड में यात्रा करने वाले यात्री अत्यधिक परेशान है, क्योंकि रोज़ाना गाड़ी संख्या 68803 बल्लारशाह गोंदिया मेमू ट्रेन के गोंदिया आने में रोज़ दो से ढाई घंटे देर से गोंदिया पहुचती है, जिससे गाड़ी संख्या 68809/10 गोंदिया तिरोडी गोंदिया अपने आप लेट हो जाती है। इस ट्रेन के लेट होने से इसके पेयरिंग रैक गाड़ी संख्या 68811/12 गोंदिया कटंगी गोंदिया भी अपने आप लेट हो जाती है।

### समय पर चलाने की मांग

दपूमरे के मंडल रेल प्रबंधक से मांग की गई है कि गाड़ी संख्या क्रमांक 68803 बल्लारशाह गोंदिया मेमू ट्रेन का रैक शेयरिंग गाड़ी संख्या 68809/10 गोंदिया तिरोडी गोंदिया से ब्रेक कर इसे डेडिकेटेड रैक से जल्द से जल्द परिचालन करवाया जाए, जिससे गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी रेल खंड में चलने वाली मेमू समय से पूर्व प्लेटफार्म में लगे ओर और समय से निकल जाए।

# राज्य स्तरीय रोड़ साइक्लिंग प्रतियोगिता का समापन

**8 गोल्ड, 11 सिल्वर और 3 ब्रांज मैडल के साथ जबलपुर संभाग रहा ओवरऑल चैंपियन**

**नवभारत, बालाघाट।** 13 नवम्बर से आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम 17 नवम्बर को जिले के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वारासिवनी विधायक श्री विवेक पटेल एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सरस्वार ने कहा कि साइक्लिंग



खेल को बढ़ावा देने और सुविधाएं प्रदान करने के लिए मै जिला साइक्लिंग संघ का हर संभव सहयोग करूंगा। वहीं विधायक श्री पटेल ने कहा कि खेल हमें अनुशासन और एकता की सीख देते है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है जरुरत है तो बस उन्हें सही दिशा और सही मार्गदर्शन की। इस दौरान जिला साइक्लिंग संघ के सचिव मनोज उपवंशी ने बताया कि राज्य स्तर पर आयोजित हुई इस साइक्लिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के 8 संभागों के 250 खिलाड़ियों और 40 कोच एवं मैनेजर ने भाग लिया था। प्रतियोगिता संयोजक शैलेश नागपुरे ने बताया कि इस राज्य स्तरीय रोड़ साइकिलिंग प्रतियोगिता में 8 गोल्ड मैडल और 11 सिल्वर और 03 ब्रांज मैडल के साथ जबलपुर संभाग आल ओवर चैंपियन रहा है। रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता नेशनल हाईवे पर भमोड़ी से रेंगाटोला तक हुई। इस अवसर सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# बिरसा मुंडा का संघर्ष युवाओं को करेगा प्रेरित : पारधी

**बालापुर में मनाई गई बिरसा मुंडा जयंती, प्रतिमा के ऊपर छत निर्माण का विधायक ने दिया आश्वासन**

**नवभारत कटंगी 17 नवंबर।** कटंगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बालापुर (बिसापुर) में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों से संवाद करते हुए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं।

विधायक गौरव पारधी ने समस्त आदिवासी समुदाय को 'जय सेवा, जय जोहार' से संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा जयंती की बधाई एवं



शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया और कहा कि आदिवासी समाज के स्वाभिमान, स्वतंत्रता और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए भगवान बिरसा मुंडा का साहस और संघर्ष हमेशा मार्गदर्शन करता रहेगा। उनकी विरासत समाज को सशक्त बनाने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करती है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

इस अवसर पर श्री पारधी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के ऊपर छत निर्माण का भी आश्वासन दिया, ताकि यह स्थल और सुरक्षित एवं संरक्षित बन सके। कार्यक्रम में मंगल शिंग कुर्वेती, अनिल कुमार ऊइके, कुशल ऊइके और मनक लाल इनवाती सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय जनजातीय परंपराओं का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने कार्यक्रम की गरिमा और उत्सव भाव को बढ़ाया।

### कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

कटंगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बासी देवरी में भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कबड्डी प्रतियोगिता रही, जिसमें ग्रामीण युवाओं ने भाग लेकर उत्साह और खेल भावना का प्रदर्शन किया। विधायक गौरव पारधी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और प्रतियोगियों को हौसला बढ़ाते हुए इस अवसर की विशेषताएं साझा कीं।

### प्रतियोगियों को बढ़ाया हौसला

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति केसर बिसेन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाया और खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रकार के आयोजन न केवल खेलकूद को बढ़ावा देते हैं बल्कि आदिवासी संस्कृति और समाज की पहचान को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

# दक्षिण पूर्वी मध्य रेल के वाणिज्य प्रबंधक से भेंट कर जिले की रेल समस्याओं से अवगत कराया

**नवभारत, बालाघाट।** 'रेल्वे अप डाउनर्ज प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन' जिला अध्यक्ष विवेक शर्मा ने दक्षिण पूर्वी मध्य रेल नागपुर मंडल दक्षिण पूर्वी मध्य रेल अंतर्गत नागपुर मंडल छ्रक्र्रू कार्यालय में दिनांक 13/11/25 को नागपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह से भेंट की ओर बालाघाट जिले के विभिन्न स्टेशन वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी, के दैनिक यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुये, ओर अप डाउनर्ज यात्री को होने वाली ट्रेनों में यात्रा के दौरान दिक्कतों, परेशानियों, रेल्वे स्टेशनों के रुके विकास कार्य पुन: जल्द से जल्द करने, स्टेशनों का विस्तार करने, यात्री मेमु ट्रेनों की लेट लतीफि के पर्मनेंट समाधान, के विषय में तकनीकी बारीकियों के साथ सार्थक चर्चा की, बालाघाट तुमसर रेल खंड हो कर इस रेल खंड की प्रथम नवीन सूपर फ़ास्ट ट्रेन परिचालन, जिसके लिए संघर्ष पिछले 4 साल से लगातार सतत जारी जो अब तपस्या का रूप ले चुका है, पैसेंजर एसोसिएशन जिला अध्यक्ष होने के साथ मैं रेलफ़ैन/रेलप्रेमी भी हैं, यात्री हितों के साथ, रेल्वे के विकास ओर आय में बढ़ोतरी कैसे हो इसकी भी चिंता करना हमारा कर्तव्य है, रेल्वे के माध्यम से हमारे बालाघाट जिले से रेल्वे को आय के नए अवसर ओर स्त्रोत के बारे में आज चर्चा की मेगा प्रोजेक्ट प्लान के बारे में जिसमें पिछले एक साल से पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा हूँ, उसके संबंध में जानकारी दी ओर अधिकारीगण का सकारात्मक सहियोग मिला है, इसके पूर्व जनप्रतिनिधियों से भी इस प्रोजेक्ट को लेके सकारात्मक सहयोग मिला है, यह बालाघाट ज़िले के इतिहास का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा, जो की ज़िले के इतिहास में ज़िले को सामाजिक आर्थिक विकास प्रदान करने के नए आयम देगा, ओर हमारे ज़िले बालाघाट को राष्ट्रीय स्तर में नई पहचान देगा, इन समस्त विषयों ओर मुद्दे पर रेल्वे अप डाउनर्ज प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन ज़िला अध्यक्ष के रूप में सकरात्मक चर्चा अधिकारीगणो से हुई ओर निवेदन पत्र भी दिया।

# संस्कार कसार ने एम्स के पीजी में ऑल इन्डिया में पाई 251वीं रैंक

**नवभारत, बालाघाट।** मेहनत लगन के साथ यही अपने काम के प्रति ईमानदारी भी हो तो आकाश के तारे भी तोड़े जा सकते है द्य यही कहावत चरितार्थ करते हुये बालाघाट की जमीन के एक होनहार बालक ने परिवार के साथ जिले का नाम भी प्रदेश से राष्ट्र लेबल तक पहुचा दिया है।

जिले के रहने वाले सुरेश कसार जो कि शिक्षा के क्षेत्र मे कई सालो से बच्चों को आगे बढ़ाने हेतु संकल्पित होकर कार्य कर रहे है उनके पुत्र संस्कार कसार ने अपने दम लगन संघर्ष करते हुये उस सफ़लता को प्राप्त




किया है जिसके बारे मे लोग सपना समझते है। संस्कार 23 वर्षीय ने एम्स के पोस्ट ग्रेजुएट आल इन्डिया रेंक में पहली ही बार में 251 पायदान पर पहुच कर अपने और परिवार के सपने को साकार किया है। ज्ञात हो कि संस्कार 12 वी में मेरिट में अंक लाकर एमबीबीएस दिल्ली मे भी आल इन्डिया में 316 रेंक प्राप्त किया था। परिवार में तीन भैया में मंझले भाई संस्कार की माता श्रीमती किरण ने बताया कि ये बचपन से ही पढ़ाई लिखाई में अव्वल रहा है द्य इस उपलब्धी पर उनके परिवार के सदस्य समाज ईस्ट मित्रों सहित सभी चाहने वालों ने बधाई के साथ-साथ उज्वल भविष्य की कामना की है।

# श्रीमद् भागवत कथा का समापन, हवन और भंडारा आज

**नवभारत, बालाघाट।** विश्व शांति एवं जन कल्याण की भावना से शहर के नये श्री राम मंदिर में समस्त धर्म प्रेमी भक्तों की ओर से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है द्य इस कथा रस की ग्यान गंगा का भक्तो को अमृतमयी रसपान परम पूज्य गुरुजी अलौकिक कथा मास परित श्री श्री चन्द्रकांत जी महाराज श्री अयोध्या धाम द्वारा करवाया जा रहा ह।

श्रीमद् भागवत कथा कथा का समापन 17 नवंबर सोमवार को होने के बाद आज मंगलवार 18 को पूर्णाहूति हवन महाप्रसाद का आयोजन को रखा गया है। नगर के नये श्री राम मंदिर में जारी श्रीमद्भागवत अमृत ज्ञान कथा



महोत्सव में रविवार 17 नवम्बर का दिन भक्ति, प्रेम और आध्यात्मिक उत्साह से सराबोर रहा। धर्मशास्त्राचार्य महाराज जी द्वारा सुनाए गए प्रवचनों भजनों भक्ति संगीत की मधुर धुनों से पूरा परिसर कृष्णमय हो उठा। महराज जी के प्रवचनों को सुनकर भक्त खुशी और उत्साह से झूम उठे। 'जय श्रीकृष्ण' और 'कान्हा जी की जय' के जयघोषों ने वातावरण को और भी दिव्य बना दिया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बालाघाट की संसद श्रीमती भारती पारधी एवं विशेष अतिथि बालाघाट विधायक श्रीमति अनुभा मुंजारे रही जिन्होंने महराज जी के मुखारबिंद से कथा का मधुर श्रवण किया और आशिर्वाद प्राप्त किया।

# ग्रामीण विकास मंत्री पटेल उमा फाउंडेशन के प्रतिभावृत्ति वितरण कार्यक्रम में शामिल

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल 17 नवम्बर को बालाघाट प्रवास के दौरान उमा श्री फाउंडेशन द्वारा दादा बंगेश्वर नाट्य गृह में आयोजित प्रतिभावृत्ति वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए और फाउंडेशन की ओर से वैष्णवी कोरे एवं विनोद मिश्रा को 06-06 हजार रुपए की प्रतिभावृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथी मंत्री श्री पटेल ने उमा श्री फाउंडेशन द्वारा समाज में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाकर उन्हें सम्मानित करने के लिए फाउंडेशन के पदाधिकारियों की सराहना



करते हुए कहा कि देने वाले का हाथ हमेशा ऊपर रहता है। उमा श्री फाउंडेशन भले ही छोटी संस्था हो और उसकी आर्थिक स्थिति ठीक न हो इसके बाद भी वह प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें सामने लाने का कार्य करता है तो यह सराहनीय है। यह फाउंडेशन का भले ही छोटा सा काम हो लेकिन समाज में सकारात्मकता का संदेश दे रहा है।

कार्यक्रम में उमा श्री फाउंडेशन की ओर से बालिका कुमारी वैष्णवी कोरे एवं तबला वादक पंडित विनोद मिश्रा को सम्मानित कर उन्हें 06-06 हजार रुपए की प्रतिभावृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंत्री श्री पटेल एवं अतिथियों द्वारा दादा बंगेश ?वर मलिक के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी, श्रीमती लता ऐलकर, श्री अभय सेठिया, श्री महेंद्र सुराना, फाउंडेशन के अध्यक्ष पं. सुधाकर शर्मा, अन्य गणमान्य नागरिक, पत्रकार, छात्र छात्रा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** — जनपद पंचायत किरनापुर 5 .25 करोड़ के नए भवन का भूमिपूजन एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के कमरों का हुआ लोकार्पण

# सरकार चलाने का यही तरीका होता है, जरुरतमंद को पहले मिले लाभ : प्रहलाद पटेल

**किरनापुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का 17 नवम्बर को बालाघाट आगमन हुआ। इसी क्रम मे वे शाम 4 बजे किरनापुर पहुंचे जहां उनका जनपद पंचायत किरनापुर अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह एवं उनकी पूरी टीम ने बड़े ही गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा जनपद पंचायत किरनापुर द्वारा 40 लाख रूपए की लागत से निर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के कमरों का लोकार्पण किया




गया तथा 5.25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नवीन जनपद पंचायत के भवन का विधिवत भूमिपूजन भी किया। इस दौरान बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी, कटंगी विधायक गौरव पारधी, लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे, जनपद पंचायत किरनापुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भुवन भाऊ राहंगडाले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य चेतन कुर्राहे एवं समस्त जनपद सदस्य गण उपस्थित रहें। इस दौरान अपने उद्बोधन मे मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जब से मुझे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय का काम मिला। तब से प्रधानमंत्री का स्लोगन ही नहीं है बल्कि उनकी निष्ठा सबका साथ सबका विकास है ।जिन ग्राम पंचायत में पंचायत भवन नहीं है उन्हें पंचायत भवन दिए हैं। अब तक मैंने 2427 ग्राम पंचायती भवन दिए हैं उसे पर नए सिरे से काम किए गए जो आज की परिस्थिति गांव की है ऐसी डिजाइन से दो मंजिला, तीन मंजिला भवन हो यह सब सोच विचार कर भवन बनाए तथा भवन परिसर में वृक्षारोपण हो पार्किंग व्यवस्था होनी चाहिए। खेत सड़क, सुदूर सड़क, शौचालय ,स्वच्छता ,पेयजल सब ग्रामीण विकास की योजनाएं हैं। हमारे द्वारा अति पिछड़ी आबादी के गांव तक सड़के पहुंचाई गई है प्रधानमंत्री सड़क योजना के नियम पु, पुलियों के साथ सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। ग्राम पंचायतो के सरपंच, पंच अपनी टीम के साथ ग्राम विकास के कार्यों को पूरी ईमानदारी से करी तो गांव का विकास निश्चित ही होगा। सरपंच पंच मिलकर ग्राम पंचायत के विकास के लिए अच्छा काम करेंगे तो आने वाली पीढ़ी उन्हें लम्बे समय तक याद रखेगी। ग्राम पंचायत के नवीन भवन में रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। सोलर पैनल के साथ यदि कार्य करें तो बिजली का बिल जीरो तक ले जाया जा सकता है। नई पंचायत भवन में सोलर पैनल लगाए जरूरत से दुगनी बिजली उत्पन्न की जा सकती है। ग्राम पंचायत अपनी आय के स्त्रोत तैयार करने की दिशा में कार्य करें ।अपनी आय के साधन ढूंढने होंगे। आत्मनिर्भर पंचायत बनाने आपको स्वयं कार्य करना होगा,कोई बाहर का व्यक्ति जाकर कार्य नहीं करेगा। जरूरतमंदों को पहले लाभ मिलना चाहिए ऐसा हमारा प्रयास हो ।जनपद पंचायत किरनापुर के पास 3.5 एकड़ की भूमि रिक्त है जहां 5.25 करोड़ रुपए की लागत से नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य का आज भूमिपूजन किया गया है ।भवन बनाने वालों को इस परिसर में वृक्षारोपण के साथ पार्किंग व्यवस्था हो,ड्रेनेज सिस्टम हो ,रिचार्जिंग व्यवस्था हो, सौर पेनल आदि संपूर्ण व्यवस्थाओं के साथ भवन को बनाना चाहिए।